


## वेयरहाउस ओनर्स : सभा में लाइसेंसों के नवीनीकरण लेकर उठाई आवाज

- कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, बकाया किराया दिलाने की मांग

**उज्जैन। मध्यप्रदेश निजी वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डीपी भाईजी के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में वर्ष 2024-25 का बकाया किराया और वर्ष 2025-26 की कमीशन राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई है।**

ज्ञापन में बिंदुवार समस्याएं बताते हुए उल्लेख किया गया है कि विगत पांच माह का स्कंध का मासिक किराया और गेहूं उपार्जन सेवा सहकारी संस्थाओं एवं निजी वेयरहाउस स्तरीय खरीदी केंद्र की एक वर्ष से लंबित कमीशन राशि तत्काल अविलंब दिलाई जाए। इसके अलावा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल स्तर पर लंबित वेयरहाउसों के लाइसेंस का नवीनीकरण जल्द स्वीकृत कराने की मांग की गई।

एसोसिएशन ने बताया कि वर्तमान में उज्जैन जिले के 10 और रतलाम जिले के 5 लाइसेंस लंबित हैं, जिन्हें शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए। पुराने गेहूं के उठाव और ट्रांसपोर्ट की मनमानी पर रोक लगाने, 1 अप्रैल 2026 से गेहूं उपार्जन के लिए जेवीएस योजना के तहत ऑफर और तौल केंद्र स्थापित करने की भी मांग रखी गई ताकि किसानों को परेशानी न हो। साथ ही, वेयरहाउस स्तरीय खरीदी केंद्रों पर संचालकों की कमीशन राशि 13.50 रुपये प्रति क्विंटल करने का आग्रह किया गया।

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक जगदीशचंद्र लड्डा, उपाध्यक्ष पंकज जैन, संयोजक गुड्डू नागौरी, मुकेश पाटीदार, दरबार सिंह सोलंकी, नारायण पाटीदार, उमंग जैन, ओमप्रकाश पाटीदार और राधेश्याम गेहलोत आदि उपस्थित थे।

इससे पूर्व, एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक सुराना पैलेस में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल कादर पटेल थे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डीपी भाईजी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश पाटीदार और संरक्षक जगदीशचंद्र लड्डा उपस्थित रहे।

### यह रहे मुख्य रूप से बैठक में उपस्थित

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। बैठक में दीपक धामारीकर, अखिलेश, धनीराम रायकवार, कय्यूम नागोरी और अखिलेश धबाई ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण राधेश्याम गेहलोत ने दिया। संचालन पंकज जैन ने किया तथा आभार गुड्डू नागौरी ने माना। जानकारी एसोसिएशन के सचिव भीमसिंह पंवार ने दी।

## निरंजनी अखाड़े में माता स्वरूपा कन्या पूजन



**उज्जैन।** बड़नगर रोड स्थित स्थित श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा में धार्मिक आस्था और परंपरा के साथ कन्या पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि महाराज सहित संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। संतों एवं श्रद्धालुओं ने नवदुर्गा स्वरूप कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में संतों ने कन्याओं के चरण पूजकर उन्हें चुनरी, प्रसाद एवं उपहार भेंट किए। रवींद्र पुरी महाराज ने स्वयं कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया और कहा कि सनातन परंपरा में कन्या को देवी का स्वरूप माना जाता है।


इस अवसर पर रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि हिंदू सनातन धर्म सभी को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि अखाड़ा परिषद ने हमेशा सर्व समाज को जोड़ने का कार्य किया है और किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया। रवींद्र पुरी महाराज ने जानकारी दी कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि महाराज द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर हरिद्वार से गंगाजल लाकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक किया जाएगा। यह आयोजन धार्मिक आस्था और परंपरा का विशेष प्रतीक होगा।

इधर नवभारत से चर्चा में मां भक्त मंडल के संयोजक अंकित चौबे ने बताया कि 2100 कन्याओं का पग पूजन कार्यक्रम शहीद पार्क पर किया गया। पिछले 7 वर्षों से यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है, शुक्रवार को श्री रामनवमी के अवसर पर कन्या पूजन और सहभोज कार्यक्रम रखा गया। जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, साधु संत महामंडलेश्वर सभी की उपस्थिति रही।

### धार्मिक आयोजनों से बढ़ती है सामाजिक सद्भावना

कार्यक्रम के अंत में संतों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं। कन्या पूजन जैसे आयोजन न केवल परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। रवींद्र पुरी महाराज ने बताया कि अखाड़ा परिषद द्वारा विभिन्न वर्गों से संतों को सम्मानित कर महामंडलेश्वर एवं जगतगुरु जैसे पदों पर प्रतिष्ठित किया गया है, जिससे समाज में समरसता और समानता का भाव मजबूत हुआ है। इस अवसर पर जूना अखाड़े के विद्या भारती जी महाराज, सेवानंद गिरी, महानिर्वाणी के मुकुंदपुरी महंत सुरेश्वरानंदपुरी, महंत देवगिरी, महंत प्रणवा नंद, महंत महावीर नाथ सहित अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता गोविंद सोलंकी, समन्वयक डॉ. राहुल कटारिया, पं. हेमंत सेन, पं. रुद्राक्ष वधेका सहित साधु महात्मा एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। संध्या में सुंदरकांड पाठ हुआ एवं देर रात तक यहां महाप्रसादी का दौर चला।

## बीमारी से परेशान सफाईकर्मी ने लगाई फांसी



**उज्जैन।** बीती रात विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के सफाईकर्मी ने फांसी लगा ली। रस्सी टूटने से वह गिर पड़ा। पत्नी और बच्चे घर लौटे तो उसके गले में फंदा देखा। अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सफाईकर्मी बीमारी के चलते परेशान था।

वाल्मीकि नगर में रहने वाला दिलीप पिता बाबूलाल रूसी 45 साल विश्वविद्यालय में सफाईकर्मी था। देर शाम पत्नी और बच्चे डी-मार्ट खरीदारी करने गए थे। दिलीप घर पर अकेला था। देर रात 10.30 बजे के लगभग पत्नी और बच्चे वापस घर लौटे तो दिलीप जमीन पर पड़ा दिखाई दिया। उसके गले में रस्सी का फंदा था, दूसरा छोर ऊपर पंखे के एंगल से बंधा था। रस्सी टूटने से वह नीचे गिर पड़ा था। पत्नी और बच्चों ने उसे उठाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं उठा। रात 11 बजे के लगभग उसे अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी घटना स्थल पहुंची। मामले में मर्ग कायम कर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि दिलीप तीन साल से परेशान चल रहा था। उसका हर माह डायलिसिस हो रहा था। एक माह में दो से तीन बार डायलिसिस होने से वह परेशानी में था। संभवत: इसी के चलते उसने फांसी लगा ली। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच करने की बात कही है।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न

- सर सैयद अहमद की 128वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजन

**उज्जैन।** महान समाज सुधारक और अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद की 128वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सेंट मदार कॉन्वेंट स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी के सचिव धर्मेंद्र राठौर और संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से खेल, साहित्य, शिक्षा, राजनीति, समाज सेवा और विज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में सही उत्तर देने वाले प्रतिभावान प्रतियोगियों को संस्था की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज जायसवाल ने की। अतिथि के रूप में शिक्षाविद दरकक्षा खान, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, रीना तिवारी, और अनीस अहमद उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियों ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। संचालन इकबाल उस्मानी ने किया तथा अंत में आभार शहजाद खान ने माना।

### एक नजर में

## एमआईटी में गोल्डन केमिकल का कैंपस ड्राइव



**उज्जैन।** महाकल की नगरी में स्थित एमआईटी समूह के डॉ. विवेक बंसोड़ सभागार में गोल्डन केमिकल एजेंसी के लिए एक कैंपस ड्राइव का आयोजन किया। यह ड्राइव विशेष रूप से वर्ष 2026 के छात्र छात्राओं के लिए आयोजित की गई। जिसमें प्रबंधन, वाणिज्य, फार्मेसी, कंप्यूटर एप्लीकेशन तथा बीटेक के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयनित अभ्यर्थियों को तत्काल जॉइनिंग दी जाएगी। संस्था के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक अनुराग भदानिया के अनुसार गोल्डन केमिकल एजेंसी रासायनिक उत्पादों के वितरण एवं विपणन के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम है। कंपनी गुणवत्तापूर्ण रासायनिक समाधान उपलब्ध कराकर विभिन्न उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करती है। समय पर डिलीवरी और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के लिए जानी जाने वाली यह एजेंसी लगातार अपने परिचालन का विस्तार कर रही है। एमआईटी समूह की संस्थाओं के निदेशक डॉ. मुकेश शुक्ल ने इस कैंपस ड्राइव पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, वरन् उद्योग-सम्बद्ध रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना है। गोल्डन केमिकल जैसी प्रतिष्ठित कंपनी का यह कैंपस ड्राइव हमारे विद्यार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट मंच है। समूह के सचिव आदित्य वशिष्ठ ने कहा यह आयोजन हमारे संस्थान के उद्योग-शिक्षा समन्वय की सफलता को दर्शाता है।



## मां हरसिद्धि के दरबार में क्षत्राणियों ने की आरती

**उज्जैन।** क्षत्राणी ग्रुप द्वारा क्षत्राणी ध्वज पथक नासिक ढोल से हरसिद्धि मंदिर में महानवमी के उपलक्ष्य में महा आरती आयोजन में सम्मिलित हुए। ढोल ताशे के साथ में पारंपरिक आरती की गई। इसमें अमृता चतुर्वेदी, छवि कदम, माना शिंदे, करुणा शितोले के मार्गदर्शन हुआ। प्राची डोडिया, टीना पूनम मालवीय, चंचल, कोमल, भूमि, इशू, भूमिका, युवी, भावना, आरती, कल्पना ने भव्य प्रदर्शन किया। संस्था की अंजना शुक्ल ने बताया की हरसिद्धि पर प्रतिवर्ष मां हरसिद्धि माता की आरती का आयोजन दोनों नवरात्रि में किया जाता है।

## हाइब्रिड प्रोजेक्ट, डीकार्बोनाइजेशन को नई गति

**उज्जैन।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड और ओएस्टर रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेडने मध्य प्रदेश के अगर-मालवा में 315.6 मेगावाट क्षमता वाली सौर-पवन (हाइब्रिड) नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के आंशिक कमीशनिंग की घोषणा की है। 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली यह परियोजना भारत में स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 216 मेगावाट सौर एवं पवन ऊर्जा मध्य प्रदेश में तथा 99 मेगावाट गुजरात में उत्पन्न की जाएगी। इसे चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत मध्य प्रदेश इकाई से हो चुकी है। उन्नत बाइफेशियल सोलर मॉड्यूल्स और 3.15 मेगावाट पवन टर्बाइनों के संयोजन से यह हाइब्रिड प्रणाली ऊर्जा उत्पादन को संतुलित बनाती है, जिससे उद्योगों को स्थिर और विश्वसनीय स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति मिल सकेगी। ओएस्टर रिन्यूएबल के एमडी एवं सीईओ सिद्धार्थ भाटिया ने कहा कि यह परियोजना बड़े पैमाने पर हाइब्रिड अवसंरचना विकसित करने की उनकी क्षमता को दर्शाती है और इससे हर साल लगभग 6.5 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। वहीं जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इसे कंपनी के स्वच्छ ऊर्जा पोर्टफोलियो को मजबूत करने और परिचालन में कार्बन तीव्रता घटाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। परियोजना के पूर्ण रूप से चालू होने के बाद यह बड़े पैमाने पर कार्बन उत्सर्जन को कम करने के साथ-साथ ऊर्जा-गहन उद्योगों को विश्वसनीय हरित ऊर्जा उपलब्ध कराएगी।

## रिमांड पर हमले के 6 आरोपी, 3 की तलाश

**उज्जैन। कॉफी क्लब के बाहर अभिभाषक पर कातिलाना हमला करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। मुख्य आरोपी की पत्नी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था।**

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि 20 मार्च को रात 11 बजे विश्वविद्यालय मार्ग पर रहने वाला अभिभाषक यश पिता योगेश भार्गव 27 साल दोस्त के साथ ट्रेजर बाजार के पास कॉफी क्लब पर आया था। कॉफी पीने के बाद लौटते समय आशीष पिता अशोक सारवान निवासी दानीगेट ने अपनी पत्नी आकृति सारवान और 8 अन्य साथियों के साथ मिलकर अभिभाषक पर कातिलाना हमला कर दिया था। मामले में जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया गया। 2 दिन बाद पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया था। वहीं 5 दिन बाद आशीष के ठिकानों पर दबिश देकर उसे हिरासत में लिया गया और पूछताछ के बाद उसके पांच साथी विजय उर्फ टोनी पिता अशोक कुमार जायसवाल त्रिवेणी हिल्स, राजा उर्फ राजेश पिता रमेश परमार एकता नगर, राहुल उर्फ अनमोल पिता रामेश्वर बैरागी कृष्णा रेसिडेंसी, विजेन्द्र उर्फ राजेश पिता भंवर सिंह गंगवाल संत रविदास नगर और पंकज उर्फ पंकेश पिता शांतीलाल सिलोदिया, निवासी महुखेड़ी को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार सभी को कोर्ट में पेश कर 28 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है। इस दौरान सामने आया कि हमले में उनके साथ विक्की चौहान, सागर सूर्यवंशी और सौरभ भी शामिल थे। थाना प्रभारी के अनुसार तीनों फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## तालाब में मिला लापता ढाई साल की मासूम का शव

- परिवार के साथ आई थी विष्णु सागर, गुरुवार शाम से थी लापता



**उज्जैन।** खाकचौक विष्णु सागर से गुरुवार शाम लापता हुई ढाई साल की बालिका का शव शुक्रवार सुबह विष्णु सागर के ही तालाब से शव बरामद किया गया है। लापता होने के बाद एसडीआरएस की टीम में सर्चिंग की थी। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था सुबह गोताखोर ने 10 मिनट में बालिका को बाहर निकाल लिया।

राजीव रत्न मल्टी में रहने वाला कौर परिवार गुरुवार को विष्णु सागर पहुंचा था जहां घूमने और पिकनिक का आयोजन रखा गया था। शाम 4 के लगभग परिवार की ढाई वर्षीय मासूम बालिका रवनीत पिता मनमीतसिंह कौर अचानक लापता हो गई थी। बालिका के लापता होने पर हड़कंप मच गया था। जीवाजीगंज थाना पुलिस विष्णु सागर पहुंची थी। बालिका की तलाश शुरू की गई परिवार ने आशंका जताई कि कोई उठाकर ले गया है, बालिका के पैरों में चांदी के कड़े भी थे। ढाई साल की बालिका को तलाशने के लिए आसपास के थानों की पुलिस के साथ ही डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सीएसपी, थाना प्रभारी मैदान में आ गए थे। रात भर बालिका का कुछ पता नहीं चला, शुक्रवार सुबह 7.30 बजे के लगभग हेलावाड़ी क्षेत्र में रहने वाला गोताखोर इरफान उर्फ जुम्मा अपने दोस्त के साथ विष्णु सागर पहुंचा और तालाब में तलाश शुरू की 10 से 15 मिनट बाद इरफान ने बालिका का शव तालाब से ही बाहर निकाल लिया। बालिका का शव मिलने की खबर मिलते ही परिवार में विष्णु सागर पहुंच गया था। थाना प्रभारी जीवाजीगंज ने बताया कि बालिका के लापता होने पर अज्ञात के खिलाफ का मामला दर्ज किया गया था। शव मिलने पर मर्ग कायम कर बॉडी पोस्टमार्टम के लिए भेजी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच शुरू की जाएगी। संभावना है कि बालिका खेलते समय तालाब में गिरी होगी।

### महिला पुलिसकर्मी का तलाशा था शव

6 माह पहले शिप्रा नदी के बड़े पुल से उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा की कार गिर गई थी। पुलिस प्रशासन के साथ होमगार्ड की टीम और शहर के गोताखोरी ने तलाश शुरू की थी, थाना प्रभारी अशोक शर्मा और उपनिरीक्षक मदनलाल का शव 2 दिन की तलाश में निकाल लिया गया था। लेकिन महिला आरक्षक आरती पाल का शव नहीं मिला था। उस वक्त भी इमरान उर्फ जुम्मा शिप्रा नदी पहुंचा था और उसने कुछ देर की तलाश के बाद तीसरे दिन महिला पुलिसकर्मी का शव खोज निकाला था।

## बारातियों से भरी यात्री बस पलटी, 15 लोग हुए घायल




**उज्जैन। बड़नगर मार्ग इंगोरिया में शुक्रवार दोपहर बड़ा सड़क हादसा हो गया। बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी खाई है। गनीमत रही कोई जनहानि की सूचना सामने नहीं आई। लेकिन एक ही परिवार के लगभग 15 लोग हादसे में घायल हुए है। जिन्हें इंगोरिया के शासकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। बता दें कि इस वक्त बड़नगर से इंगोरिया मार्ग पर निर्माण कार्य चल रहा है।**

थाना प्रभारी इंगोरिया दीपेश व्यास ने बताया कि उन्हेल इंगोरिया मार्ग पर जहांगीरपुर गांव के पास सड़क चौड़ीकरण निर्माण का काम चल रहा है। जहां खाचरौद से इंदौर के लिए रवाना हुई बारातियों से भरी बस पलटी खा गई। बस में लगभग 50 से अधिक परिवार के सदस्य सवार थे जिसमें से 15 घायल हुए है। तत्काल ही उन्हें बस से निकलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने सभी की हालत खतरे से बाहर होना बताई, पांच को ज्यादा चोट लगी थी जिसके चलते उन्हें उज्जैन चरक अस्पताल रेफर किया गया। घायलों में महिला, पुरुष बच्चे सभी शामिल है।

### चीख पुकार के बीच आए मददगार...

बारातियों से भरी बस पलटने की सूचना पर आस पास के ग्रामीण मदद को आगे आए। पीड़ित परिवार खाचरौद के रहने वाले मोहम्मद शेरू पिता माजिद हुसैन के पुत्र वकार का निकाह होने पर बारात लेकर इंदौर जा रहा था। बच्चे और महिलाओं की चीख पुकार सुनाई देने लगी। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## मां शिप्रा की भव्य आरती, जल संरक्षण का संकल्प

- नव शक्ति से नव भक्ति की थीम पर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नव शक्ति से नव भक्ति की थीम पर रामघाट स्थित पुण्य सलिला शिप्रा के तट पर भव्य आरती और विधिवत पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। यह आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन, नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड 21 और 22 तथा अवनिश्री जनकल्याण एवं शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम संयोजिका पूनम उत्तम दुबे ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ मां शिप्रा के पूजन-अर्चन से हुआ। नव शक्ति से नव भक्ति के संदेश के साथ पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। मप्र जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने अपना उद्बोधन दिया। आयोजन में पं. निक्कू दुबे द्वारा मां शिप्रा का पूजन व भव्य आरती संपन्न करवाई गई। इस अवसर पर प्रियंका जोशी, सर्व सहाय फाउंडेशन के चयनित नवांकुर सुनील बारोड, अनीता शास्त्री, ज्योति व्यास, आयुषी दुबे, अवनी जोशी और परामर्शदाता पूर्णिमा गहलोत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## शिविर में 23 यूनिट रक्त किया एकत्रित


**उज्जैन।** 25 मार्च को जिला चिकित्सालय उज्जैन की ब्लड बैंक टीम की उपस्थिति में होटल अबिका एलाईट, बियाबानी चैराहा उज्जैन पर रक्तदान शिविर का आयोजन इंजीनियर्स ब्रिगेड ने किया। संयोजक इंजीनियर करण यादव के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रेरणा से प्रेरित होकर आयोजित किये गये रक्तदान शिविर में 35 नागरिक महिला पुरूष रक्तदान की मंशा से उपस्थित हुए। 23 व्यक्तियों के सहयोग से 23 यूनिट रक्तदान किया गया व इसे जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को नवजीवन देने की मंशा से प्रदाय किया गया। शिविर में डॉ.संगीता गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

श्रीराम जन्मोत्सव मना — पंडे-पुजारियों ने जयकारे लगाए, महाआरती कर बांटा प्रसाद

## महाकाल मंदिर के सभामंडप में स्थित श्रीराम मंदिर में मना जन्मोत्सव

**उज्जैन।** महाकाल के सभामंडप में स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में रामनवमी पर्व के अवसर पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर के पुजारी पं. लोकेंद्र व्यास ने बताया इस अवसर पर फूलों से सजावट की गई। भगवान श्री रामलला का आकर्षक शृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे भगवान श्री रामचन्द्र जी का जन्मोत्सव मनाते हुए झांझ-डमरू, शंख वादन कर महाआरती की गई। इस अवसर पुजारी ईशान व्यास सहित मंदिर के पुजारी-पुरोहितों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इधर भैरवगढ़ रोड पर स्थित उज्जैन के प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम मंदिर पर रामनवमी पर्व के मौके पर भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में श्री रामलला और हनुमान जी की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा की गई। चैत्र नवरात्रि के दौरान यहां 10 महाविद्या देवियों की मूर्तियां भी संपूर्ण विधि-विधान पूर्वक विद्वान आचार्यों एवं 100 बटुक ब्राह्मणों के द्वारा प्रतिष्ठित की गई। साथ ही श्री विकराल भैरव की मूर्ति भी प्रतिष्ठित की गई।

इसके साथ ही प्रसिद्ध गढ़कालिका मंदिर में चैत्र नवरात्रि के दौरान अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज ने विशेष पूजा-अर्चना कर देवी का आशीर्वाद लिया। मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ ने बताया कि नवरात्रि की महाष्टमी पर रात 12 बजे मंदिर में महाआरती कर भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाष्टमी पर नगर पूजा भी संपन्न की गई तथा अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी जी महाराज स्वयं पूजन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर पुजारी परिवार की ओर से महाराज का स्वागत सम्मान किया गया।



### प्रकटेश्वरमंदिर में मनाया श्री राम जन्मोत्सव

उज्जैन। शहर के फ्रीगंज स्थित श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थापित श्री राम दरबार में शुक्रवार, 27 मार्च को राम नवमी के अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि प्रातः काल भगवान का अभिषेक और पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात मध्यान्ह 12 बजे भगवान श्री राम की जन्म आरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम श्री शिव विष्णु समिति द्वारा जन सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।